दिनांकः 18.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित–18 शहरों में पारा 45 डिग्री पार।
- विधानसभा में विधायी कार्यों और अन्य समितियों में सभापति और सदस्यों की नियुक्ति।
- राज्य में कैंसर और गैर संचारी रोगों की रोकथाम और बेहतर इलाज के लिए चिकित्सा विभाग तैयार करेगा रोडमैप।
- विश्व संग्रहालय दिवस आज–संग्रहालयों और स्मारकों में रहेगा आमजन का प्रवेश निःशुल्क।

...............

प्रदेश में भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कल बाड़मेर में दिन का तापमान साढे 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धौलपुर में 46 दशमलव 4, सीकर के फतेहपुर में 46 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं 13 शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। विभाग के अनुसार अजमेर, जयपुर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर संभागों में लू के हालात रहे। विभाग ने सप्ताहभर तक हीटवेव का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। सरहदी और पश्चिमी जिलों में पड़ रही प्रचंड गर्मी से लोग दिन के समय घरों में कैद होने को मजबूर होने लगे हैं। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि कल इस सीज़न का सबसे गर्म दिन रहा। वहां सूरज के तीखे तेवर मानो आसमान से अंगारे बरसा रहे हैं

..........

हनुमानगढ़ में कल मौसम के अलग–अलग रूप देखने को मिले। भीषण गर्मी और लू के बीच दोपहर बाद बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हाड़ौती क्षेत्र के जिलों में भी तेज गर्मी ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। कोटा में दिन में लू चल रही है। वहीं रातें भी तपाने लगी हैं। बाजारों में चहल–पहल थम गयी है। शहर में कल अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है।

..............

विधानसभा में विधायी कार्यों और अन्य विषयों पर गठित समितियों में सभापति और सदस्यों की नियुक्ति कर दी गयी है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कुल 15 समितियों में सभापति और सदस्यों के नामों की सूची जारी की। पुष्पेन्द्र सिंह को विशेषाधिकार समिति का सभापति बनाया गया है वहीं पर्यावरण समिति में डॉ. दयाराम परमार, महिला समिति में शोभा चौहान, अनुसूचित जाति कल्याण समिति में डॉ. विश्वनाथ मेघवाल और जनजाति कल्याण समिति में फूलसिंह मीणा को सभापति नियुक्त किया गया है। इन समितियों का कार्यकाल एक साल का होगा।

..............

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। हेमंत प्रियदर्शी का पुलिस महानिदेशक एससीआरबी, साइबर क्राइम और संजय कुमार अग्रवाल को पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस पद पर तबादला किया गया है। हाल ही में इन दोनों अधिकारियों की पदोन्नती हुई थी। जयपुर पुलिस महानिदेशक उमेश चन्द्र दत्ता को प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली भेजा गया है।

..............

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआडीओ की रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर की ओर से तैयार रडार एब्जोर्बिंग पेंट तैयार किया है। ये पेंट वायुसेना के लडाकू विमानों पर किया जाएगा। इससे विमान रडार की ज़द में आने से बच सकेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

--------------

प्रदेश में कैंसर और गैर संचारी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रसार को रोकने और इसके बेहतर तथा सस्ते इलाज के लिए चिकित्सा विभाग की सभी एजेंसियों के साथ रोडमैप बनाया जाएगा। फिक्की की ओर से इस गंभीर बीमारी को लेकर आयोजित रोड मैप कार्यशाला में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में कैंसर जैसे गंभीर बीमारी का तेजी से प्रसार हुआ है और यह मृत्यु के प्रमुख कारणों के रूप में उभरा है। उन्होंने बताया कि भारत में 10 फीसदी व्यक्ति इस बीमारी का शिकार होते हैं। श्रीमती सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी के टीके को यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सेवा का उल्लेख करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जिला अस्पतालों से लेकर उपस्वास्थ्य केन्द्र तक तीन तरह के कॉमन कैंसर, ऑरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग भी नियमित रूप से की जा रही है। श्रीमती सिंह ने कहा कि अजमेर, बीकानेर, भतरपुर, कोटा, जोधपुर और उदयपुर जोन हैडक्वार्टर पर एक–एक कैंसर वैन तथा जयपुर में दो कैंसर वैन संचालित की जा रही हैं।

..............

आज विश्व संग्रहालय दिवस है। ये दिन संग्रहालयों और स्मारकों के सरंक्षण के प्रति जागरुकता के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर के सरकारी स्मारकों और संग्रहालयों में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।
पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के वृत्त अधीक्षक ने बताया कि लोगों को संस्कृति और इतिहास से परिचय कराने के लिए ये सुविधा दी गयी है। विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम रखे गये हैं। जैसलमेर के ग्रामीण हाट बाजार स्थित दी थार हेरिटेज म्यूजियम में पर्यटकों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया जाएगा। अजमेर के संग्रहालयों और स्मारकों में भी आगन्तुकों को विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। बीकानेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जूनागढ भ्रमण के लिए सुबह से ही सैलानी पहुंच रहे हैं। जयपुर के अल्बर्ट हॉल और जंतर मंतर सहित विभिन्न स्मारकों में पर्यटकों के स्वागत की तैयारी की गयी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से राष्ट्रीय सहकार मेला आयोजित किया जायेगा। 28 मई तक चलने वाला ये मेला सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मेले में लोगों को शुद्ध और प्रमाणित मसाले एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। मेले से मसाला उत्पादक किसानों और छोटी इकाइयों का सीधे ग्राहकों से संपर्क हो सकेगा। मेले में रोजाना आकर्षक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

..............

केन्द्र सरकार की फुट वियर डिजाइन के लिए काम करने वाली संस्था एफडीडीआई जोधपुर को रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए अधिकृत किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं और विद्यार्थियों को फुट वियर क्षेत्र में डिजाइन, मेकिंग और फैशन डिजाइनिंग के गुर सिखाए जाएंगे। कार्यक्रम में सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र दिये जाएंगे।

..............

भीलवाडा जिला कलेक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने कल मोहनपुरा और गैणोली ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल लगायी। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने के निर्देश दिये। इस दौरान पीने के पानी, अपराध और अतिक्रमण सहित कई मामलों की जनसुनवाई की गयी।

..............